बिजली कटौती दौर को वापस लाई भाजपा

अरविंद केजरीवाल बोले- 10 साल पहले वाला अंधेरे का दौर लौट आया

नयी दिल्ली, 10 अप्रैल (वार्ता) आम आदमी पार्टी(आप) ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली में जब से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विपदा सरकार आई तब से लंबे-लंबे पॉवर कट का 10 साल पहले वाला दौर वापस लौट आया है.

'आप'के राष्ट्रीय संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म'एक्स' पर कहा, बुधवार को दिल्ली में पीक डिमांड 5462 मेगावॉट थी. केवल इतने में ही बुधवार की रात पूरी दिल्ली में कई जगहों पर कई-कई घंटे बिजली नहीं आई. पिछले साल पीक डिमांड लगभग 8500 मेगावॉट पहुंच गई थी. फिर भी हमारी सरकार के दौरान दिल्ली में कहीं बिजली नहीं गई. आने वाले हफ्तों में जब दिल्ली में गर्मी और बढ़ेगी और बिजली की डिमांड भी बढ़ेगी तो क्या होगा?

2015 से पहले था बिजली कटौती का दौर

'आप' ने कहा कि पिछले साल 8500 मेगावॉट की पीक डिमांड में भी पॉवर कट नहीं लगते थे लेकिन अब तो पूछिए ही मत. अब जनता को डर इस बात का सता रहा है कि अगर अभी यह हाल हैं तो जून-जुलाई की गर्मियों में क्या होगा? वर्ष 2015 से पहले दिल्ली में बिजली कटौती का दौर चला करता था. अरविंद केजरीवाल की सरकार ने दिल्ली को अंधेरे के दौर से बाहर निकाला और जनता को पॉवर कट से मुक्ति मिली. अब दिल्ली में भाजपा की सरकार है और दिल्लीवालों को फिर से जबरदस्त बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है.

> अरविंद केजरीवाल ने आगे लिखा, आने वाले हफ्तों में जब दिल्ली में गर्मी और बढ़ेगी और बिजली की डिमांड भी बढ़ेगी तो क्या होगा? पिछले दस साल में हमने दिल्ली के बिजली सिस्टम को बड़ी मुश्किल से ठीक किया था. कहते हैं किसी भी चीज को ठीक करने में बरसों लग जाते हैं, लेकिन उसे खराब दो दिनों में ही कर दिया जाता है.

पिछले 10 साल में हमने दिल्ली के बिजली व्यवस्था को बड़ी मुश्किल से ठीक किया था. कहते हैं किसी भी चीज़ को ठीक करने में बरसों लग जाते हैं लेकिन उसे ख़राब दो दिनों में ही कर दिया जाता है

उधर, नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने 'एक्स' पर दिल्लीवालों द्वारा बिजली कटौती को लेकर कहा, बुधवार की रात को दिल्ली वाले बहुत परेशान रहे.

भजनलाल ने दी स्थापना दिवस की शुभकामनाएं

जयपुर 10 अप्रैल (वार्ता) राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बारां, राजसमंद और दौसा जिलों के स्थापना दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं. इस अवसर पर शर्मा ने सोशल मीडिया के माध्यम से गौरवशाली परम्पराओं, समृद्ध संस्कृति एवं विविधतापूर्ण विरासत से परिपूर्ण हाड़ौती की शान बारां जिले के स्थापना दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी. उन्होंने ईश्वर से सभी नागरिकों का जीवन सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली से परिपूर्ण रहने की प्रार्थना की. इसी तरह उन्होंने गौरवशाली इतिहास एवं अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण राजसमन्द जिले के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं.

भविष्य के युद्धों के लिए तैयार रहें : राजनाथ

रक्षा मंत्री ने सशस्त्र बलों को किया संबोधित

भविष्य में साइबर, स्पेस और सूचना युद्ध की चुनौती बढ़ेगी

नयी दिल्ली 10 अप्रैल (वार्ता) रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि निरंतर बदलती परिस्थितियों और साइबर, अंतरिक्ष तथा सूचना युद्ध के पारंपरिक अभियानों का रूप लेने की संभावना के मद्देजनर सशस्त्र बलों को एकजुट होकर काम करते हुए भविष्य के लिए तैयार रहना चाहिए.

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरूवार को तमिलनाडु के वेलिंगटन में रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज (डीएसएससी) के 80वें स्टाफ कोर्स के दीक्षांत समारोह में भारत और मित्र देशों के सशस्त्र बलों के अधिकारियों को संबोधित करते हुए यह बात कही.

उन्होंने कहा कि वैश्विक भू-राजनीति को तीन प्रमुख मापदंडों राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देने की दिशा में एक प्रमुख धुरी, वैश्विक परिदृश्य में फैलती तकनीकी सुनामी और नवाचार में तेजी द्वारा फिर से परिभाषित किया जा रहा है.

उन्होंने अधिकारियों से रणनीतिक-सैन्य परिवर्तन बदलाव में आगे रहने के लिए इन प्रवृत्तियों की बारीकियों का गहराई से अध्ययन करने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सशस्त्र बलों को बहु-क्षेत्रीय एकीकृत संचालन में सक्षम और तकनीकी रूप से उन्नत युद्ध के लिए तैयार बल में बदलने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है. उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य उभरती हुई तकनीकें महत्वपूर्ण तरीकों से प्रतिरोध और युद्ध के क्षेत्र में क्रांति ला रही हैं.



> श्री सिंह ने आत्मनिर्भरता के माध्यम से सशस्त्र बलों के विकास और आधुनिकीकरण पर जोर दिया. उन्होंने कहा, संघर्षों के सबक हमें सिखाते हैं कि लचीला, स्वदेशी और भविष्य के लिए तैयार रक्षा प्रौद्योगिकी और विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र विकल्प नहीं, बल्कि एक रणनीतिक आवश्यकता है. कम लागत वाले उच्च तकनीकी समाधान विकसित करने और सशस्त्र बलों की युद्ध क्षमता को बढ़ाने की आवश्यकता है. हमारे बलों को न केवल तकनीकी परिवर्तनों के साथ तालमेल रखना चाहिए, बल्कि इसका नेतृत्व भी करना चाहिए. उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी घटकों के बीच बेहतर तालमेल की भी वकालत की.

नक्सल शांति वार्ता को लेकर सरकार तैयार

साय सरकार ने जताई बातचीत की तैयारी

नक्सलियों से हथियार छोड़ने की अपील

रायपुर 10 अप्रैल (वार्ता) छत्तीसगढ़ में एक महत्वपूर्ण गतिविधि में एक ओर प्रतिबंधित नक्सली संगठन ने एक बार फिर राज्य सरकार के सामने शांति वार्ता का प्रस्ताव रखा है वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार ने सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार नक्सलियों से बातचीत के लिए तैयार है.

नक्सलियों के उत्तर-पश्चिम सब जोनल ब्यूरो के प्रभारी 'रुपेश' की ओर से जारी प्रेस नोट पर गुरुवार को अपने निवास कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रतिक्रिया देते हुए राज्य के उपमुख्यमंत्री, जिनके पास गृह विभाग का भी प्रभार है, विजय शर्मा ने कहा कि सरकार नक्सलियों से बातचीत के लिए तैयार है.

उन्होंने कहा, सरकार के पास नक्सलियों के पुनर्वास के लिए एक स्पष्ट और प्रभावी नीति है. साथ ही उन्होंने नक्सलियों से अपील की कि वे हथियार छोड़कर सामने आएं और बातचीत का रास्ता अपनाएं.

> शर्मा ने कहा, अगर कोई एक व्यक्ति भी बातचीत के लिए तैयार है तो सरकार भी तैयार है. चाहे वह छोटा समूह हो या बड़ा, सरकार हर स्तर पर चर्चा के लिए तत्पर है. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में की जा रही है. शर्मा ने यह भी कहा कि बंदूक के जवाब में केवल चर्चा नहीं की जा सकती, जरूरत पड़ने पर सरकार कड़ी कार्रवाई भी करेगी.

मंत्री आशीष ने पंखा रोड क्षेत्र का किया निरीक्षण

नयी दिल्ली 10 अप्रैल (वार्ता) दिल्ली के शिक्षा एवं गृह मंत्री आशीष सूद ने गुरुवार को जनकपुरी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पंखा रोड के आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया और वहां की समस्याओं के समाधान के लिए ट्रैफिक पुलिस, लोक निर्माण विभाग, दिल्ली नगर निगम समेत अन्य संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी विभाग आपस में तालमेल कर इन सब कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें. सूद ने पंखा रोड पर नाले की नियमित साफ सफाई के लिए अधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए.

सिख तीर्थयात्रियों का जत्था पाकिस्तान रवाना

खालसा स्थापना दिवस पर ऐतिहासिक गुरुद्वारों के दर्शन करेंगे श्रद्धालु

अमृतसर 10 अप्रैल (वार्ता) शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने गुरूवार को खालसा स्थापना दिवस (वैसाखी) के अवसर पर पाकिस्तान में आयोजित होने वाले समारोह में भाग लेने के लिए 1942 सिख तीर्थयात्रियों के एक जत्थे को रवाना किया.

जत्थे का नेतृत्व कर रहे जंग बहादुर सिंह ने कहा कि प्रत्येक सिख के दिल में पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों के दर्शन करने की लालसा होती है और जब सिखों को वहां जाने का समय मिलता है तो वे स्वयं को धन्य महसूस करते हैं. उन्होंने जत्थे का नेतृत्व सौंपने के लिए एसजीपीसी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया.

जत्थे को रवाना करते हुए एसजीपीसी सचिव सरदार प्रताप सिंह ने कहा कि यह जत्था पाकिस्तान में खालसा सृजना दिवस बैसाखी से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेगा.

नाइट क्लब हादसे में मरने वालों की संख्या 184 हुई

सैंटो डोमिंगो, 10 अप्रैल (वार्ता) डोमिनिकन गणराज्य की राजधानी सैंटो डोमिंगो में एक संगीत कार्यक्रम (कंसर्ट) के दौरान नाइट क्लब की छत गिरने से मरने वालों संख्या बढ़कर 184 हो गई है. डोमिनिकन रिपब्लिक आपातकालीन परिचालन केंद्र ने यह जानकारी दी.राष्ट्रीय पुलिस ने बताया कि यह घटना मंगलवार देर रात के आसपास तब हुई, जब एक कंसर्ट के दौरान डोमिनिकन मेरेंग्यू गायिका रूबी पेरेज़ कॉन्सर्ट में प्रस्तुति दे रही थीं. उसी दौरान, जेट सेट नाइट क्लब की छत गिर गयी, जिसमें मरने वालों की संख्या 184 तक पहुंच गई है.

एससीआर चलाएगा 38 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें

खास बातें

- चेरलापल्ली से श्रीकाकुलम तक 24 सेवाएं
- तिरुपति से मछलीपट्टनम तक 14 सेवाएं
- यात्रियों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए निर्णय

हैदराबाद, 10 अप्रैल (वार्ता) दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) ने आगामी गर्मियों के मौसम के दौरान रेल यात्रियों की संभावित वृद्धि को देखते हुए अपने नेटवर्क में विभिन्न गंतव्यों को जोड़ने वाली 38 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें चलाने का फैसला किया है.

ये विशेष सेवाएं अतिरिक्त यात्रा विकल्प प्रदान करने और यात्री सुविधा को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन की गई हैं. विशेष ट्रेनों में चेरलापल्ली - श्रीकाकुलम रोड - चर्लापल्ली स्पेशल (ट्रेन नंबर 07025/07026) शामिल हैं, जो 11 अप्रैल से 28 जून तक कुल 24 सेवाएं - प्रत्येक दिशा में 12 - संचालित करेंगी. ये ट्रेनें शुक्रवार को चेरलापल्ली से और शनिवार को श्रीकाकुलम रोड से चलेंगी. रास्ते में, वे गुंटूर, विजयवाड़ा, राजमुंदरी और विजयनगरम सहित प्रमुख स्टेशनों पर रुकेंगी और 1एससर, 2एसी, 3एसी, स्लीपर और सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोच उपलब्ध कराएंगी.

इसी तरह, तिरुपति - मछलीपट्टनम - तिरुपति स्पेशल (ट्रेन संख्या 07121/07122) 13 अप्रैल से 26 मई के बीच कुल 14 सेवाएं - प्रत्येक दिशा में 7 फेरे लगायेगी. ये ट्रेनें रविवार को तिरुपति से और सोमवार को मछलीपट्टनम से रवाना होंगी, तथा नेल्लोर, ओंगोल, विजयवाड़ा और पेडाना जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों पर रुकेंगी. इनमें 2एसी, 3एसी, स्लीपर और जनरल द्वितीय श्रेणी के कोच शामिल होंगे.

नई सेवाओं के अलावा, रेलवे ने कई मौजूदा विशेष ट्रेनों के परिचालन को भी बढ़ा दिया है. तिरुपति-साईनगर शिरडी-तिरुपति सेवा (ट्रेन संख्या 07637/07638) 13 अप्रैल से 30 जून तक तिरुपति से रविवार को और साईनगर शिरडी से सोमवार को 24 सेवाएं संचालित करेगी - प्रत्येक दिशा में 12 फरे. काजीपेट-दादर-काजीपेट ट्रेनें (ट्रेन संख्या 07197/07198) भी 12 अप्रैल से 29 जून के बीच काजीपेट से शनिवार को और दादर से रविवार को 24 सेवाएं संचालित करेंगी. इसके अतिरिक्त, जालना-छपरा-जालना सेवा (ट्रेन संख्या 07651/07652) 16 अप्रैल से 27 जून तक जालना से बुधवार को और छपरा से शुक्रवार को संचालित होने वाली 22 सेवाएं - प्रत्येक दिशा में 11 - चलाएगी. दक्षिण मध्य रेलवे ने यात्रियों से आग्रह किया है कि वे अपनी यात्रा की योजना तदनुसार बनाएं और अंतिम समय की असुविधा से बचने के लिए अपने टिकट पहले से बुक कर लें. एससीआर द्वारा गुरुवार को जारी एक बयान में कहा गया कि इन अतिरिक्त सेवाओं से नियमित ट्रेन सेवाओं पर बोझ काफी कम होने और व्यस्त ग्रीष्मकालीन यात्रा अवधि के दौरान यात्रियों की सुविधा में वृद्धि होने की उम्मीद है.

आज का इतिहास

- 1937 भारतीय टेनिस खिलाड़ी रामनाथन कृष्णन का जन्म.
- 1946 भारतीय फ़िल्म अभिनेता नवीन निश्चल का जन्म.
- 1951 थिएटर और टेलीविजन अदाकारा रोहिणी हतंगडी का जन्म.
- 1964 भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी दो हिस्सों में विभाजित.
- 1970 अमेरिका का अपोलो 13 अंतरिक्ष यान चंद्र अभियान पर रवाना.
- 1976 स्टीव वाजनेक का बनाया पहला एपल-1 कंप्यूटर जारी.
- 1983 बेन किंग्सले की फिल्म गांधी को आस्कर अवार्ड.
- 1999- अग्नि 2 प्रक्षेपास्त्र ने परीक्षण उड़ान भरी.

भारत ने ट्रांसशिपमेंट सुविधा की रद्द

निर्यात संकट पर बंगलादेश सरकार की चिंता बढ़ी

ढाका , 10 अप्रैल (वार्ता) बंगलादेश के वाणिज्य मंत्रालय ने भारत की ओर से अपनी ट्रांसशिपमेंट सुविधा वापस लेने के बाद ढाका में एक आपात बैठक की है. इस सुविधा के तहत बंगलादेश अपने माल को नेपाल, भूटान और म्यांमार जैसे देशों को भारतीय मार्गों के जरिये निर्यात कर सकता था.

'ढाका ट्रिब्यून' की रिपोर्ट के अनुसार ढाका के कारवां बाजार में निर्यात संवर्धन ब्यूरो (ईपीबी) के कार्यालय में आपात बैठक आयोजित की गई, जिसमें देश के वाणिज्य मंत्रालय के वरिष्ठ प्रतिनिधियों और प्रमुख कारोबारी नेताओं ने भाग लिया.भारत के केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने 29 जून, 2020 को जारी एक निर्देश को तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया है, जिसके तहत बंगलोदश को भारत के किसी सीमा शुल्क स्टेशन का उपयोग करके तीसरे देश को माल निर्यात करने की अनुमति दी गई थी. इस सुविधा के तहत, माल को भारतीय बंदरगाहों के माध्यम से भूमि, समुद्र या हवाई मार्ग से तीसरे देशों में ले जाया जा सकता था. भारत ने यह भी निर्देश दिया है कि उसके क्षेत्र में वर्तमान में लोड की गई सभी खेपों को तुरंत देश से बाहर निकाल दिया जाना चाहिए.

यह देखते हुए कि इन देशों को ढाका का भूमि निर्यात पूरी तरह से नई दिल्ली के बुनियादी ढांचे पर निर्भर है, भारत द्वारा सुविधा के उपयोग को रद्द करने से बंगलादेशी उद्यमियों और राजनीतिक नेतृत्व में काफी बेचैनी पैदा हो गई है. रद्दीकरण का वस्तुतः मतलब था कि भूटान, नेपाल और म्यांमार को देश के सभी भूमि निर्यात लगभग पूरी तरह से बंद हो गए.

आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

Aadhar Housing Finance Ltd

कार्पोरेट कार्यालय: युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई-400069.
धार शाखा: प्लॉट नंबर - 70, प्रथम मंजिल, त्रिमूर्ति नगर, मेन रोड, जिला धार - 454001 (मध्य प्रदेश)

ई-नीलामी - बिक्री सूचना

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्ति के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।
इसके द्वारा सामान्य रुप से सर्वसाधाण को और विशेष रुप से ऋणी(यों) एवं जमानतदार(ओं) को सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिसका कब्जा आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है', और 'जो कुछ भी है'** बिना किसी ज्ञात बाधा के आधार पर विक्रय किया जाएगा जिनका विवरण नीचे दिया गया है:-

क्रं.	ऋणी(यो)/सह ऋणी(यो) /जमानतदार	मांग सूचना दिनांक एवं राशि	अचल संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य (RP)	बयाना जमा राशि (ईएमडी) (RP का 10%)	कब्जे का प्रकार
1	(लोन कोड नं. 06800000618 / धार शाखा) आनंद परमार (ऋणी) गोविंद परमार (सह-ऋणी)	08-09-2023 & ₹ 6,27,036/-	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण, 64 राज राजेश्वरी प्लॉट नंबर 25 का उत्तरी भाग वार्ड नंबर 08 राज राजेश्वरी विहार कॉलोनी राजगढ़ तहसील सरदारपुर जिला धार, मध्य प्रदेश - 454116 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व- कॉलोनी रोड, पश्चिम- कॉलोनी की बाउण्ड्रीवॉल, उत्तर- प्लॉट नंबर 26, दक्षिण- प्लॉट नंबर 25 का शेष भाग (दक्षिणी भाग)	Rs. 8,96,000/-	Rs. 89,600/-	भौतिक

1. केवाईसी, निविदा प्रपत्र एवं स्वीकृत नियम एवं शर्तों (निविदा दस्तावेज) के साथ बयाना राशि का डीडी जमा करने की अंतिम तिथि **10-05-2025 शाम 5:00 बजे** तक ऊपर उल्लिखित शाखा कार्यालय के पते पर या **https://bankeauctions.com** पर अपलोड की गई है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदा दस्तावेजों को अमान्य निविदा माना जाएगा और तदनुसार अस्वीकार कर दिया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
2. संपत्ति के लिए बोली/प्रस्ताव (नीलामी तिथि) खोलने की तिथि **12-05-2025 दोपहर 3:00 से 4 : 00 बजे https://bankeauctions.com** पर है।
3. जैसा कि ऊपर बताया गया है, एएचएफएल संपत्ति पर लंबित किसी भी देनदारी के लिए जिम्मेदार नहीं है। संपत्ति की नीलामी **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो है वह है' के आधार पर** की जाएगी।
4. डिमांड ड्राफ्ट केवल 'आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के पक्ष में बनाया जाना चाहिए।
5. नीलामी/बोली केवल वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से 'ऑनलाईन इलेक्ट्रॉनिक बोली' के माध्यम से होगी। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने से पहले विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट देखें।
6. इच्छुक बोलीदाताओं को **https://bankeauctions.com/registration/signup**, लिंक के माध्यम से पोर्टल मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पर अपना नाम पंजीकृत करना चाहिए, और अपनी यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना चाहिए। संभावित बोलीदाता वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से ई-नीलामी पर ऑनलाईन प्रशिक्षण का लाभ उठा सकते हैं।
7. अधिक जानकारी के लिए आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी, **(दीपक मालवीय संपर्क नंबर 7583898990)** या सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, **श्री प्रभाकरन, मोबाईल नं. +91-74182-81709, ई-मेल: tn@c1india.com & support@bankeauctions.com**, फोन नं. **+917291981124 /25 /26** से संपर्क करें। आज तक, एएचएफएल/ एएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों को बेचने, हस्तांतरित करने और/या निपटान करने से रोकने वाला कोई आदेश और/या अदालती निषेधाज्ञा नहीं है।
8. बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एएचएफएल), सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट यानी www.aadharhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।
9. नीलामी के लिए बोली वृद्धिशील राशि **रु. 10,000/-** है।

स्थान : मध्य प्रदेश
दिनांक : 11-04-2025

सही/- प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

Aadhar Housing Finance Ltd

कार्पोरेट कार्यालय: युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई-400069.
उज्जैन शाखा: 06/ पहली मंजिल, कमला नेहरु मार्ग, फ्रीगंज, आईडीबीआई बैंक के उपर, शहीद पार्क के पास, उज्जैन - 456010
मनावर शाखा: प्लाट नं.-70, पहली मंजिल, त्रिमुर्ती नगर, मेन रोड़, जिला धार- 454001 (म.प्र.)

ई-नीलामी - बिक्री सूचना

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्ति के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।
इसके द्वारा सामान्य रुप से सर्वसाधाण को और विशेष रुप से ऋणी(यों) एवं जमानतदार(ओं) को सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिसका कब्जा आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है', और 'जो कुछ भी है'** बिना किसी ज्ञात बाधा के आधार पर विक्रय किया जाएगा जिनका विवरण नीचे दिया गया है:-

क्रं.	ऋणी(यो)/सह ऋणी(यो) /जमानतदार	मांग सूचना दिनांक एवं राशि	अचल संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य (RP)	बयाना जमा राशि (ईएमडी) (RP का 10%)	कब्जे का प्रकार
1.	(लोन कोड नं. 02010000538 / उज्जैन शाखा) इरशाद खान (ऋणी) मोहम्मद इशाक खान (सह-ऋणी)	07-10-2024 & ₹ 2,65,105/-	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, सर्वे नं. 161/1 रकबा 0.4600 हेक्टेयर ग्राम ज्योती नगर रोड़, मूलीखेड़ा शाजापुर मध्य प्रदेश 465001. **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - संदीप दुबे की भूमि, पश्चिम - 15 फीट रोड़, उत्तर - संदीप दुबे की भूमि, दक्षिण-सज्जू खा का प्लाट	Rs. 3,74,400/-	Rs. 37,440/-	भौतिक
2.	(लोन कोड नं. 16700000057/ मनावर शाखा) सोएब शाह (ऋणी), शाकिर शाह (सह-ऋणी) वसीम शाह (जमानतदार)	11-07-2023 & ₹ 4,98,983/-	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, सर्वे नं. 298 1 299 1 302 3 1, फाल्या, सांई सिटी कॉलोनी के पास ग्राम बाग तह. कुक्षी जिला धार, मध्य प्रदेश 454221 **चर्तुसीमाएं:** पूर्व- इब्राहिम का प्लाट, पश्चिम- रोड़, उत्तर- सिराज खान का प्लाट, दक्षिण- नूर मोहम्मद का प्लाट	Rs. 9,20,736/-	Rs. 92,074/-	भौतिक

1. केवाईसी, निविदा प्रपत्र एवं स्वीकृत नियम एवं शर्तों (निविदा दस्तावेज) के साथ बयाना राशि का डीडी जमा करने की अंतिम तिथि **25-04-2025 शाम 5:00 बजे** तक ऊपर उल्लिखित शाखा कार्यालय के पते पर या **https://bankeauctions.com** पर अपलोड की गई है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदा दस्तावेजों को अमान्य निविदा माना जाएगा और तदनुसार अस्वीकार कर दिया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
2. संपत्ति के लिए बोली/प्रस्ताव (नीलामी तिथि) खोलने की तिथि **26-04-2025 दोपहर 3:00 बजे से 4:00 बजे तक https://bankeauctions.com** पर है।
3. जैसा कि ऊपर बताया गया है, एएचएफएल संपत्ति पर लंबित किसी भी देनदारी के लिए जिम्मेदार नहीं है। संपत्ति की नीलामी **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो है वह है' के आधार पर** की जाएगी।
4. डिमांड ड्राफ्ट केवल 'आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के पक्ष में बनाया जाना चाहिए।
5. नीलामी/बोली केवल वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से 'ऑनलाईन इलेक्ट्रॉनिक बोली' के माध्यम से होगी। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने से पहले विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट देखें।
6. इच्छुक बोलीदाताओं को **https://bankeauctions.com/registration/signup**, लिंक के माध्यम से पोर्टल मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पर अपना नाम पंजीकृत करना चाहिए, और अपनी यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना चाहिए। संभावित बोलीदाता वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से ई-नीलामी पर ऑनलाईन प्रशिक्षण का लाभ उठा सकते हैं।
7. अधिक जानकारी के लिए आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी, **दीपक मालवीया, (संपर्क नंबर 7583898990)** या सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, **ई-मेल: tn@c1india.com & support@bankeauctions.com**, फोन नं. **+917291981124 /25 /26** से संपर्क करें। आज तक, एएचएफएल/ एएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों को बेचने, हस्तांतरित करने और/या निपटान करने से रोकने वाला कोई आदेश और/या अदालती निषेधाज्ञा नहीं है।
8. बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एएचएफएल), सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट यानी **www.aadharhousing.com** पर दिए गए लिंक को देखें।
9. नीलामी के लिए बोली वृद्धिशील राशि **रु. 10,000/-** है।

स्थान : मध्यप्रदेश
दिनांक : 11.04.2025

सही/- प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड